# शिव शंकर भोलेनाथ | Master Pancham

शिव शंकर भोलेनाथ
रहे सर पर तेरा हाथ
चाहे सारी दुनिया छूटे
ना छूटे तेरा साथ
मेरे बाबा भोलेनाथ

अँखियाँ दर्शन की अभिलाषी
आत्मा मेरी तेरी दासी
ऐसी किरपा कर दे बाबा
कट जाए मेरी चौरासी
नमः शिवाय नमः शिवाय
नमः शिवाय नमः शिवाय
मैं जाप जपु दिन रात

भक्तों पे किरपा कर बाबा
दुष्टों का नाश तू कर बाबा
तेरे रंग न्यारे भोलेनाथ
शमशान में वास करे बाबा
भस्म रमाये तू बाबा
तेरे लगे विभूति साथ

भोले तेरी खोज निराली है
देखी तेरी मौज निराली है
संग भूत प्रेत की टोली है
भोले तेरी फ़ौज निराली है
शरण तेरी आया सावी
अब उसकी पूछो बात

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-master-pancham/